समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# सेना की शेरनी की बहन का है बॉलीवुड से कनेक्शन, जाने क्या करती है कंर्नल सोफिया कुरैशी की बहन।

Publisher
Published on 10 May 2025



## एक ओर देश की सीमा पर दुश्मनों को कर्नल सोफिया कुरैशी जवाब दे रहीं है तो वहीं, उनकी बहन मल्टीटेलेटेंड है. आइए जानते है...

भारत ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि जब बात देश की सुरक्षा की हो, तो जवाब कड़ा और करारा होता है. पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (PoK) में मौजूद आतंकियों के अड्डों को तबाह कर दिया है. बीते दो दिनों से चल रहे इस ऑपरेशन में भारतीय सेना ने दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया है. वहीं, पाकिस्तान की ओर से जवाबी हमलों की कोशिश भी की गई, लेकिन भारतीय सेना ने उन्हें पूरी तरह से नाकाम कर दिया.

इस पूरे ऑपरेशन में एक नाम सबसे ज्यादा चर्चा में रहा कर्नल सोफिया कुरैशी. वो न सिर्फ सेना की रणनीति का नेतृत्व कर रही हैं, बल्कि मीडिया के सामने हर अपडेट साझा कर रही हैं. उनकी ठहराव भरी आवाज़ और आत्मविश्वास को देखकर हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा हो गया है.

पीएचडी छोड़ चुनी देशसेवा
कर्नल सोफिया कुरैशी की कहानी भी किसी फिल्म से कम नहीं है. वो एक समय पीएचडी स्कॉलर थीं. महाराजा सयाजीराव यूनिवर्सिटी से बायोकेमिस्ट्री में मास्टर्स करने के बाद वो रिसर्च कर रही थीं, लेकिन जब सेना में महिलाओं के लिए अधिकारी स्तर की भर्ती निकली, तो उन्होंने पीएचडी छोड़कर देश सेवा को चुना. आज वही सोफिया भारतीय थल सेना का अहम चेहरा बनकर

आतंकवादियों को करारा जवाब दे रही हैं. इससे पहले वो कई मल्टीनेशनल मिलिट्री एक्सरसाइज की भी लीडर रह चुकी हैं.

एक बहन देश की रखवाली में, दूसरी ग्लैमर की दुनिया में
जहां एक ओर सोफिया देश की रक्षा में जुटी हैं, वहीं उनकी बहन शायना कुरैशी एकदम अलग दुनिया में सक्रिय हैं. शायना बॉलीवुड और मॉडलिंग की दुनिया से जुड़ी हुई हैं. वो एक्टिंग तो नहीं करतीं, लेकिन उनका मुंबई में खुद का प्रोडक्शन हाउस है, जहां फिल्में और विज्ञापन बनाए जाते हैं. इसके अलावा वो मॉडलिंग प्रोजेक्ट्स लेती हैं, इकोनॉमिस्ट और फैशन डिजाइनर भी हैं.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.